# शहीदों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र हित में अपने दायित्व का निर्वहन करें : निशांत जैन

**जालोर,** (कासं)। स्वतंत्रता सैनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव की स्मृति में गुरूवार को शहीद दिवस पर अहिंसा मार्च व श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जालोर जिला मुख्यालय पर गुरूवार को शहीद दिवस पर नगर परिषद सभागार में जिला कलैक्टर निशान्त जैन व जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. किरण कंग सिद्धू ने स्वतंत्रता सैनानी शहीद भगत सिंह, राजगुरूव व सुखदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात् सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। कलैक्टर निशान्त जैन ने कविता के साथ कहा कि शहीदों ने अपनी सुख-सुविधाओं को तिलांजलि देकर युवा अवस्था में ही अपना जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। हमें भी शहीदों से प्रेरणा लेकर संकल्प के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर देश निर्माण में अपना योगदान देना होगा। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. किरण कंग सिद्धू ने कहा कि हमें भी उनके आदर्शों पर चलकर अपने स्वार्थ को छोड़कर देश हित में अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। जिला अहिंसा प्रकोष्ठ के संयोजक नैनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि अहिंसा निदेशालय द्वारा शहीदों के आदर्शों से देश की भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं। समारोह के दौरान विक्रम पुरी ने "मेरा रंग दे बसंती चोला....'' देशभक्ति गीत का गायन की आकर्षक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को राष्ट्रभक्ति से सरोबार किया।

समारोह के पश्चात् अतिथियों द्वारा नगर परिषद द्वार से अहिंसा मार्च को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवक, स्काउट, नर्सिंग प्रशिक्षु, विद्यालय के छात्र-छात्राएँ सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने नगर परिषद से कलेक्ट्रेट -आहोर चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन के पास स्थित शहीद स्मारक तक अहिंसा मार्च किया। शहीद स्मारक पर अतिथियों ने राष्ट्र की बलिवेदी पर मर मिटने वाले स्वतंत्रता सैनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका स्मरण किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, जालोर उपखण्ड अधिकारी दौलतराम चौधरी, अहिंसा प्रकोष्ठ के सह संयोजक विरेन्द्र जोशी, भोमाराम मेघवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कार्मिक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार शहीद दिवस पर जिले के समस्त उपखण्ड मुख्यालयों व ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी अहिंसा मार्च का आयोजन किया गया तथा सर्वधर्म प्रार्थना के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर महान स्वतन्त्रता सैनानियों को श्रद्धांजलि दी गई।




जालोर में हिन्दू युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। फोटो-राष्ट्रदूत

## शहीद दिवस खास व भावुक दिन : गर्ग

हिंदू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस पर शहीद ए आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर प्रवक्ता योगेश खत्री ने बताया कि शहीद दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक पर हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव की तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित थे। वही अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने की।विशिष्ट अतिथि के नाते पार्षद दिनेश महावर राजेंद्र टाक दिनेश बारोट रतन सुथार दिलीप भट्ट एडवोकेट संजय बोराणा पार्थ क्लासेस डायरेक्टर नरेंद्र सोलंकी उपस्थित थे। कार्य म में शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव अमर रहे अमर रहे आदि जयघोष लगाई गई। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला नगर अध्यक्ष एडवोकेट हेमेंद्र सिंह बगेडयि नगर उपाध्यक्ष भावेश महावर भंवरलाल सुथार घनश्याम देवासी सोमशेखर शर्मा कैलाश भाटी अलकेश रेवत पूर्ण गोस्वामी महावीर साँखला खुसवंत परिहार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। संगोष्ठी कार्यक्रम में जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि भारत में शहीदों के सम्मान और देश के लिए दिए गए उनके बलिदान को याद करने के लिए हर साल शहीद दिवस मनाया जाता है। इस दिवस पर भारत के गौरव, शान और आजादी के लिए लडने वाले भगत सिंह और उनके साथी राजगुरु, सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जाती है। शहीद दिवस देश के लिए बहुत खास और भावुक दिन होता है। संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने बताया कि 23 मार्च को तीन स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को अंग्रेजों ने फांसी पर चढा दिया था। कम उम्र में इन वीरों ने देश के आजादी की लडाई लडी और अपने प्राणों की आहुति दे दी। संगोष्ठी कार्यक्रम में पार्षद दिनेश महावर दिलीप भट्ट एडवोकेट संजय बोराणा धनपत मुथा रतन सुथार सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

**गुड़ामालानी संवाददाता के अनुसार :** गुड़ामालानी मुख्यालय पर स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय परिसर में शहीद दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार विकास कुमार चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक शुभकरण खींची, प्रधान बिजलाराम चौहान,एसीबीईओ ओमप्रकाश कडवासरा,सहायक विकास अधिकारी आईदानराम सिधप, पंचायत समिति सदस्य कांतिलाल सोनी, पुर्व सरपंच दिनेश पी शर्मा, प्रधानाचार्य नारायणदास स्वामी, शम्भुदान चारण, ग्राम विकास अधिकारी रघुदेव चौधरी के सानिध्य में आयोजित हुआ। छात्र छात्राओं के द्वारा रेली निकाली गई। रैली को अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ उपखंड मुख्यालय के अधिकारी साथ रहे।

कार्यक्रम में नगर थाना प्रभारी ललीत किशोर,हेड कांस्टेबल हर्षाराम,आरपी नरपत पंवार,उदयराज गोदारा, कमलेश सिंह राजपूत, अध्यापिका श्रीमती सुशीला खत्री,रेखा जोशी, तुलसी विश्नोई सहित गांव के लोग उपस्थित रहे।

**बाड़मेर संवाददाता के अनुसार :** बाड़मेर में शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव सिंह की पुण्य तिथि पर जिला मुख्यालय स्तर पर अहिंसा मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरूवार सुबह 8 बजे विवेकानन्द सर्किल से अहिंसा सर्किल तक अहिंसा मार्च का आयोजन किया गया। अहिंसा मार्च में छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं के साथ-साथ गांधीवादी संस्थाओं, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता सहित विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। अहिंसा सर्किल पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महात्मा गांधी के भजन एवं देश भक्ति गीत बजाये गए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी समंदर सिंह भाटी, जिला पुलिस उपअधीक्षक नरपत सिंह, नगर परिषद आयुक्त योगेश आचार्य, जिला स्तरीय समिति के जिला संयोजक महावीर बोहरा समेत अध्यापक गण, गांधीवादी, खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, विभागीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिंधी समाज ने झांकियों से नारी शक्ति का संदेश दिया



पाली में नगर परिषद् सभापति रेखा, राकेश भाटी के नेतृत्व में शोभायात्रा का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली,** (नि.सं.)। चेटीचंड महोत्सव को लेकर सिंधी समाज ने भगवान झूलेलाल की गुरुवार को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह शोभायात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया गया। महिलाएं स्कूटी पर पीली साड़ी व साफा पहन रैली निकालते हुए नारी शक्ति का संदेश देते हुए निकली। सिंधी समाज की ओर से पांच दिन तक चेटीचंड महोत्सव मनाया जाएगा।

■ **सिंधी समाज की ओर से पांच दिन तक चेटीचंड महोत्सव मनाया जाएगा**

चेटीचंड महोत्सव पर शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सिरेघाट पहुंचकर विसर्जित हुई। रास्ते में नगर परिषद सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में झूलेलाल मंदिर के अध्यक्ष गुलाब राय बुलचंदानी, टीकमदास वासवानी, नारायण दास हरवानी, लालभाई, मंडल प्रवक्ता जय थावानी, सुरेंद्र निहलनी, प्रकाश सिरवानी, नरेंद्र इसरानी, सुनिल दौलतानी, कुसुम थावानी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज बंधु मौजूद रहे।

शोभायात्रा में डांडिया खनखाते सिंधी समाज के युवा शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र रही। डॉक्टर, वकील, वरुण देवता राम लक्ष्मण ,पुलिस अधिकारी बन बैठी बेटियां और उस पर लिखा म्हारी छोरी, छोरे से कम हैं के। सिंधी समाज के नारी शक्ति को और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दे रहा था। पूरे रास्ते जोश से लबरेज सिंधी समाज के लोग आयो लाल झूलेलाल के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर से जुलूस रवाना हुआ जो बादशाह का झंडा, सर्राफा बाजार, पानी दरवाजा होते हुए सिरेघाट पहुंच संपन्न हुआ। पूरे रास्ते जोश से लबरेज युवा डांडिया खनकाते हुए और जय झूलेलाल के जैकारे लगाते हुए चल रहे थे। सर्राफा बाजार चौराहे पर नगर परिषद सभापति रेखा-राकेश भाटी के नेतृत्व में शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसी तरह रास्ते में कई सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत सत्कार किया। शोभा यात्रा में शामिल भगवान झूलेलाल की झांकी, मां हिंगलाज, भगवान शिव परिवार, शहीद हेमू कालानी, राक्षक का वध करती मां दुर्गा, नारी शक्ति का संदेश देती झांकियां शहरवासियों के आकर्षक का केंद्र रही। इससे पहले सुबह 9 बजे सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर पर विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, उप सभापति ललित प्रितमानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोटूभाई, पार्षद पुष्पा सोमनानी, जय जसवानी, पूर्व पार्षद अशोक बाफना, गुलाबराम बाबा साहेब, कोकिला बेन ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद पंजड़ा आरती की गई। इस दौरान अतिथियों का माला व शॉल पहनाकर मोमेंटो देकर सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### महिला ई-साक्षर केंद्र शुरू

**जालोर,** (निसं)। जालोर विकास समिति एवं एचपीसील-मित्तल पाइपलाइन लिमिटेड के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए गुरूवार को जिला मुख्यालय के शिवाजी नगर में महिला ई- साक्षरता केंद्र की शुरुआत की गई। इस समारोह में जिला कलेक्टर निशांत जैन ने कार्यक्रम में उपस्तिथ बालिकाओं एवं विधार्थियों से कहा कि वर्तमान परिदृश्य में जीवन में सफल होने के लिए साक्षरता अत्यंत आवश्यक हैं एवं हमें परिवार में मौजूद बुजुर्गों के अनुभवों से ज्ञान प्राप्त कर देशहित में अपना योगदान दे सकते है। कार्यक्रम के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. किरण कंग सिद्धू ने कहा कि मौजदा दौर में महिलाओं का साक्षर होने साथ ही आर्थिक रूप से भी स्वतंत्र होना आवश्यक हैं। जिसके फलस्वरूप महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान एचपीसील-मित्तल पाइपलाइन लिमिटेड के अधिकारी शैलेन्द्र सक्सेना ने जिले में सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत हुए विकास कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर जालोर विकास समिति के सचिव मोहन पाराशर, रोटरी क्लब अध्यक्ष सपना बजाज, जालोर नागरिक सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे, त्रिदिब हजारिका, पदमा नागर, शैलजा माथुर सहित विद्यार्थी, वरिष्ठजन एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भा.वि.प. के पदाधिकारियों का सम्मान

**जालोर,** (कासं)। भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम प्रान्त की प्रान्तीय परिषद् की बैठक इस बार जालोर शहर स्थित पोरवाल जैन भवन में आयोजित हुई। जिसमें राजस्थान पश्चिम प्रान्त के छ- जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रान्तीय कार्यकारिणी के चुनाव के बाद इस बैठक में कार्यक्रम आयोजक शाखा जालोर को बेहतर आतिथ्य प्रबंधन प्रदान करने व उत्कृष्ट कार्य करने पर रीजनल चेयरमैन दुर्गादत्त शर्मा व प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा सहित अतिथियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर कर सम्मानित किया। राजस्थान पश्चिम प्रान्त के प्रान्तीय उपाध्यक्ष संस्कार पदमाराम चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में जालोर शाखा के अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, सचिव दिनेश सोलंकी व पूर्व सह महिला प्रमुख मंजू चौधरी को विकास मित्र बनने पर उनका भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डॉ .हेमन्त जैन का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जालोर शाखा से प्रान्तीय उपाध्यक्ष संस्कार पदमाराम चौधरी,संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हेमंत जैन, संरक्षक वेदपाल मदान,बीएल सुथार. जिला सह समन्वयक मदन लाल माली, पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह कछवाह ,दिलीप शर्मा, अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, कोषाध्यक्ष वेलाराम चौधरी ,प्रमोद दवे, राजेंद्र भूतडा, बनवारी लाल शर्मा, देशाराम माली, शंकरलाल सोलंकी, दीपक माहेश्वरी ,रामावतार तापडिया, जिला महिला संयोजक संजू दवे ,शाखा महिला संयोजक मधु शेखावत, सुशीला तिवारी, प्रीति हाडा ,सुनीता शर्मा, सीमा जोशी,उर्मिला भाटी सहित कई कार्यकर्ताओं ने बैठक की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने में सहयोग किया।

### शहीद हेमू कालानी की जयंती मनाई

**पाली,** (नि.सं.)। भारतीय सिंधु सभा पाली के तत्वावधान में अमर शहीद क्रन्तिकारी हेमू कालानी की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष राधाकिशन शिवनानी ने बताया कि समाज बंधुओं द्वारा शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर विधायक ज्ञानचंद पारख, महेंद्र बोहरा ,उपसभापति ललित प्रीत मनी, कांठोस के महावीर सिंह ,मोटू भाई, जीवराज बोराणा, आमीन रंगरेज ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहर अध्यक्ष जितेंद्र रामचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में संभाग प्रभारी हीराभाई लखवाणी, प्रदेश महिला मंत्री कोकिला नारवानी,सुरेंद्र निहालानी,जयकिशन रामचंदानी, रोचीराम सम्भावानी, सुगनचंद शिवनानी, हरीश गुरनानी, मनोज तनवानी, सुरेश पर्शवानी, जय थावानी, नरेश गुरनानी, नरेंद्र अमरनानी आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता शर्मा का स्वागत

**बाप,** (निसं)। फलोदी जिला बनने पर आमजन के साथ अधिवक्ताओं में भी हर्ष की लहर है। बुधवार को न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता संस्थान बाप के कार्यालय में वरिष्ठ अधिवक्ता मदन गोपाल शर्मा का साफा व माला पहना कर अभिनंदन किया गया। अधिवक्ता देवीसिंह भाटी अखाधना ने बताया कि इस मौके पर संस्थान अध्यक्ष मदनसिंह भाटी, विजय तंवर, भंवरलाल सुथार, देवीसिंह भाटी, राजेंद्रसिंह भूटा, सिकन्दर मंगलिया, ओमप्रकाश विश्नोई, रवि कुमार पालीवाल, मोहम्मद रफीक, सुभाष विश्नोई, अशोक विश्नोई, पप्पुराम मेघवाल, नवीन शर्मा, दुलीचंद मेघवाल, मदन कुमावत, अरशद मंगलिया स्टाम्प वैंडर हीरालाल पालीवाल, ओमप्रकाश पालीवाल, जगदीश राजपुरोहित, दिलीप मांजू आदि मौजूद रहे।

## शहीद दिवस पर रैली निकाली

**पिंडवाड़ा,** (निसं)। शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर पिंडवाड़ा में छात्र-छात्राओं और स्काउट गाइड ने विशाल रैली निकाली।

रैली के दौरान छात्र-छात्राएं नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। देशभक्ति गानों के साथ रैली का आयोजन किया गया। शहीद दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार सुबह छात्र-छात्राओं और स्काउट गाइड ने राजकीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार पिंडवाडा पुलिस उप अधीक्षक जेठू सिंह करनोत थानाधिकारी चंपालाल बारड जलदाय विभाग के ए इ एन राणसिंह राजपुरोहित मूलसिंह भाटी की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद राजगुरु सुखदेव सिंह सहित अन्य शहीदों की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की कार्यक्रम उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार ने कहा कि छात्राओं को भारत के क्रांतिकारियों से सीख लेकर अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए। उनके बताए गए मार्गो पर चलना चाहिए। पुलिस उप अधीक्षक करनोत ने कहा कि आज के युवाओं को बढते हुए नशे से दूर रहना चाहिए कडी मेहनत करके आगे बढने का प्रयास करना चाहिए। छात्र छात्राएं हाथ में बैनर और तख्तियां लेकर जीव हिंसा मत करो, जियो और जीने दो सहित अनेक संदेश देते रैली उच्च माध्यमिक स्कूल से होते हुए स्कूल परिसर में पहुंची।

# शिव मंदिर को दीपों से सजाया



जोधपुर की मानसरोवर कॉलोनी के शिव मंदिर में भारतीय नव वर्ष 2080 दीपोत्सव के साथ मनाया।

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय नव वर्ष 2080 के शुभ अवसर पर मानसरोवर कॉलोनी के शिव मंदिर में दीपोत्सव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शिव मंदिर को दीपों से सजाया गया तथा भजन कीर्तन किए गए। इस अवसर पर किशन प्यारी, रेखा माथुर, पुष्पा गोस्वामी, मधु सोलंकी, सीमा शर्मा, रीता माथुर, संगीता सिंघल, भूमिका शर्मा सहित काफी संख्या में शिव भक्त महिलाएं मौजूद रही।

वहीं भारत विकास परिषद नंदन शाखा द्वारा भारतीय नव वर्ष पर सेंट्रल स्कूल हाउसिंग बोर्ड चौराहे पर राहगीरों को तिलक लगाकर अभिवादन किया एवं मुंह मीठा करवाकर नव वर्ष की मंगल कामनाएं दी। रामा किशन भूतडा, शैलेष जी महेश्वरी, राजेन्द्र कुमार मोदी, राजेश मेहता, एच सी मेहता, सुरेन्द्र राज मेहता, के एम एल महेश्वरी, ओ पी पुरोहित, प्रदीप गट्टानी, महावीर सा भंसाली, अशोक लोहिया, आर एस वैष्णव, छवी महेश्वरी, शान्ति भूतडा, चारु महेश्वरी, रंजना जौहरी, अशोक जौहरी, अजय राठी, डॉ नन्दकिशोर छंगाणी, सत्यनारायण तापडिया, मुकेश सैन, भूमेश्वर नाथ व्यास, चन्द्रेश्वर भाटी, वासुदेव सोनी, भंवरलाल भूतडा, महेंद्र मेहता, सोहन मेडतिया, अशोक मेहता, श्याम चन्डक, राकेश माहेश्वरी, किशोर व्यास, पुरुषोत्तम सिंघल,देवेन्द्र जैन, धीरेन्द्र सिंघवी, वीरेन्द्र मेहता सहित सदस्य उपस्थित थे।

# प्रतिष्ठा महोत्सव पर चर्चा की



जालोर में भगवान घनश्याम के नवनिर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू हो गई है। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के घनश्याम राजमंदिर परिसर में भगवान घनश्याम के नवनिर्मित मंदिर की प्रतिष्ठा को लेकर गुरूवार को मौहलोवासियों की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित हुई। जिसमें प्रतिष्ठा आयोजन समिति कार्यकारणी का गठन किया गया।

जिसमें सर्व सहमति से राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल (पप्पा) को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। इसी तरह जयनारायण वैष्णव, फटरमल शर्मा, सोहन मोदी, जगदीश सोनी, कांनिलाल सोनी, चम्पालाल सुथार, मनसुख खंडेलवाल, शिवनारायण शर्मा, माणकचंद अग्रवाल, गोविन्द राम शर्मा, अम्बालाल सोनी, जगदीश रामावत, प्रकाश बंसल, अनिल शर्मा, पारस परमार, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, गिरधर बंसल, राकेश बंसल, शेलश शर्मा, राजेश शर्मा, रितेश शर्मा, सुरेश अग्रवाल, नन्दलाल अग्रवाल, श्याम सुन्दर गोयल, मधुरश्याम गुप्ता, पुजारी चंन्द्रप्रकाश शर्मा, दिनेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, हितेश प्रजापत, अरुण अग्रवाल,हेमन्त अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों को अगल-अगल पदों पर नियुक्त कर कार्यभार सौपा। साथ ही प्रतिष्ठा के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति द्वारा भैरूनाथ अखाडे में पीर गंगानाथ महाराज से विस्तापूर्वक चर्चा की गई। वही पीर जी के आदेशानुसार आगामी दिनों में प्रतिष्ठा के मुहुर्त की तिथि निर्धारित की जायेगी।

## गौ सेवा समिति को ट्रैक्टर दान

**बाप,** (निसं)। बाप क्षेत्र के टेपू गांव में सम्पूर्ण गांव गौ शाला निर्माण में लगा हुआ है। मजदुर किसान हर वर्ग अपनी श्रद्धा के अनुसार गौ शाला निर्माण के लिए दान राशि समर्पित कर रहे हैं

कैप्टन सोहन सिंह भाटी टेपू परिवार पुत्र होशियार सिंह, नारायण सिंह, प्रेम सिंह एवं जेठूसिंह ने बडी पहल करते हुए एक नया ट्रेक्टर महेंद्रा 275 नव-निर्मित श्री करणी गौ शाला टेपू को भेंट किया गया। ग्रामीणों ने सोहन सिंह परिवार का आभार जताया।

इस मौके पर गौ शाला अध्यक्ष दुर्जन सिंह, खीव सिंह बारू, मांगीलाल बाह्म्ण सिहडा, भंवर सिंह, विशन सिंह, त्रिलोक सिंह, दिलीप सिंह, चन्दन सिंह, मगसिंह सोढा, उम्मेद सिंह उदावत, गोपाल सिंह, सवाई सिंह, रतन सिंह, नखत सिंह, दुर्जन सिंह, भगवान सिंह, भींव सिंह, चन्द्र सिंह, कान सिंह एवं अन्य कई व्यक्ति उपस्थित रहें।

नखत सिंह (सचिव) श्री करणी गौ सेवा समिति टेपू ने बताया कि गौ सेवा के प्रति ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक है। गौ शाला निर्माण कार्य बहुत अच्छा चल रहा है। सभी गौ -दान दाताओं का कमेटी हार्दिक आभार व्यक्त करती है।

## सार-समाचार

### सालेह मोहम्मद ने दौरा किया

**पोकरण,** (निसं)। अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उपनिवेशन, कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग मंत्री सालेह मोहम्मद गुरुवार को जैसलमेर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। मंत्री शाले मोहम्मद ने पोकरण, मदासर, शक्तिनगर सहित अन्य स्थानों पर जनसुनवाई कर आमजन से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा है कि आमजन की परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण कर जनता को राहत देना सरकार का प्रथम उद्देश्य है। सरकार ने आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की है। जहां अधिकारी नियमित तौर पर जन सुनवाई करते हैं। मंत्री शाले मोहम्मद ने कहा कि वे स्वयं नियमित तौर पर आवास पर एवं प्रवास के दौरान जनसुनवाई कर आमजन से रूबरू होते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा में हर वर्ग, क्षेत्र को बडी सौगात दी है। मंत्री की जनसुनवाई में पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों से जुडी परिवेदनाएं प्राप्त हुई। मंत्री सालेह मोहम्मद ने माहे रमजान की मुबारकबाद पेश करते हुए नमाज पढ़ने, रोजे रखने, जकात अदा करने, जरूरतमंदों की मदद करने की अपील करते हुए कहा कि इस माह में इबादत कर देश प्रदेश में अमन, भाईचारे की दुआ करें।

### सांसद सी.पी.जोशी को बधाई दी

**रेवदर,** (निसं)। सांसद सी पी जोशी के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनते ही रेवदर तहसील सहित सिरोही जिले के भाजपाइयों में खुशी की लहर है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिलकर व फोन पर बधाई दी। जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित ने बताया कि सतीश पुनिया का कार्यकाल सितंबर में पूरा हो गया था इसलिए जे पी नड्डा ने नियुक्ति के आदेश दिये है। सी पी जोशी के प्रदेशाध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में खुशी की लहर है और आने वाले चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। भाजपा जिला महामंत्री जयसिंह राव ने कहा कि सीपी जोशी जी के प्रदेशाध्यक्ष बनते ही युवा कार्यकर्ताओं में जोश का संचार हुआ है, भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे का मुंह मिठाकर बधाई दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,जिला मंत्री प्रकाश मेघवाल, भटाना मंडल अध्यक्ष किशोर पुरोहित, ओबीसी जिलामंत्री हरीश लौहार,भाजपा मण्डल सोशल मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल, मीडिया संयोजक दशरथ सोनी सहित कई जने उपस्थित रहे।

### भारत माता की आरती की

**सायला,** (निसं)। सायला कस्बे के पुराना बस स्टैंड स्थित ठाकुरजी मंदिर प्रांगण में सनातन धर्म महोत्सव समिति सायला द्वारा हिन्दू नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाम को 7.30 बजे भारत माता की आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही भारत माता एवं वंदे मातरम के जय घोष के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण कर आतिशबाजी की गई। इस दौरान आरएसएस के कैलाश वैष्णव, शिवसेना (शिंदे गुट) जिला प्रमुख प्रकाश रावल, मनमोहन प्रजापत, पारस माली, दिनेश राजपुरोहित, रविंद्रसिंह राणावत, भाजयुमो मंडल महामंत्री प्रशांत रावल, विहिप के प्रखंड मंत्री लालाराम माली, ओटाराम सुथार, जीतू चौधरी, बंकिम दवे, निर्मलसिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### स्थायी वारंट के दो आरोपी पकड़े

**गड़ामालानी,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद के निँर्देशानुसार एवं जिले भर में चलाए जा रहे स्थायी वारंट आरोपीयों कि गिरफ्तारी को लेकर गुडामालानी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार साल से फरार चल रहे दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया। गुडामालानी थाना प्रभारी रमेश ढाका एवं सुल्तान सिंह सोढा ने बताया कि चार वर्षो से फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार किया । गुडामालानी थाना में दर्ज प्रकरण में 4 वर्षो से स्थायी वारंट थे । कार्यवाही करते हुए अनोपाराम पुत्र प्रतापाराम भील निवासी सांकड साचोर ,प्रागाराम पुत्र अमराराम जाति कलबी निवासी धमाणा सांचौर को गिरफ्तार कर गुडामालानी थाना लाया गया।

### गोड़ावण के क्षत विक्षत अवेशष मिले

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के गंगाराम की ढाणी के निकट चारागाह से होकर गुजर रही उच्च क्षमता की बिजली लाइन से कुछ दिन पूर्व टकराकर मरे गोड़ावण पक्षी के क्षत विक्षत अवेशष मिलने से गुरुवार को पर्यावरण व वन्यजीव प्रेमियों संरक्षकों में शोक छा गया। यह अवशेष धोलिया गांव के पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम पेमानी को जैसलमेर जिले में पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रही संस्था द्वारा बताए गए। जिस पर उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों, फाउंडेशन के वैज्ञानिकों व अन्य पर्यावरण प्रेमियों को सूचना दी।